दुर्घटना | जबलपुर-दमोह एनएच-34 पर सड़क हादसा, चालक, क्लीनर को चोटें

# हाईवा-मिनी ट्रक की जबर्दस्त भिड़ंत





**बेलखाड़ू , नवभारत।** जबलपुर-दमोह रोड (एनएच-34) पर नगना स्थित राइजिंग सरयू स्कूल के सामने सोमवार सुबह 10 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। इस दौरान कटंगी से जबलपुर की और जा रहे ईंटों से भरे एक मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 9759 और जबलपुर से कटंगी की ओर जा रहे बिना नंबर हाईवा के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईंटों से भरे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं केबिन पूरी तरह दब गया। हादसे में जिससे ट्रक के ड्राइवर ,क्लीनर अमन कोल व सागर कोल को गंभीर चोटें आईं हैं। जिन्हें पुलिस की मौजूदगी में 108 से तत्काल उपचार के लिए जबलपुर अस्पताल भेजा गया। हादसे में एक अन्य व्यक्ति के भी घायल होने की जानकारी सामने आई है।

### हाईवा को छोड़ भागा चालक

घटना के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर प्रत्यक्षदर्शियों की बड़ी भीड़ के साथ कुछ समय तक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही और यातायात प्रभावित हुआ। थाना माढ़ोताल पुलिस ने पहुंचकर यथा स्थिति सम्हाली स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना स्थल के पास तत्काल स्पीड लिमिट बोर्ड लगाए जाएं व स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाए जाएं। इसके साथ ही रोड साइड शोल्डर में मिट्टी/मुरम डालकर समतल किया जाए और क्षेत्र स्कूल जोन घोषित किया जाए। लोगों की माने तो जबलपुर-दमोह रोड (एनएच-34) पर नगना स्थित राइजिंग सरयू स्कूल के सामने सड़क पर सुरक्षा मानकों की भारी कमी है जिस कारण आए दिन यहां सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं।



# पनागर में महाशिवरात्रि की धूम

चौरसिया मोहल्ला में चार पहर अभिषेक

विंध्य वाशिनी मंदिर में भव्य महाआरती

**पनागर,नवभारत।** महाशिव रात्रि का पावन पर्व नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रताप वार्ड चौरसिया मोहल्ला में भगवान शिव का चार पहर पूजन एवं रात्रि 10 बजे से प्रात:काल तक विशेष अभिषेक किया गया। पूरी रात भक्तों द्वारा जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और मंत्रोच्चार के साथ शिव आराधना की गई।इस दौरान विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भोर होते ही मंगल आरती की गई और इसके पश्चात भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरा मोहल्ला 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

वहीं दूसरी ओर विंध्य वाशिनी माता मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर संध्या समय भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं माता रानी की आराधना की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।नगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर दिनभर आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## सुकरी मंगेला में निकाली गई भव्य त्रिशूल यात्रा

**नवभारत, सुकरी मंगेला।** सुकरी, मंगेला में भव्य त्रिशूल यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रही। इससे पूर्व सुकरी मंगेला में भगवान शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई जिसके बाद विशाल कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा के बाद चार पहर का पूजन किया गया। त्रिशूल यात्रा में अमित डेहरिया ,बाराती लाल डेहरिया के साथ बड़ी तादाद में भक्तजनों की उपस्थिति रही।



## पौड़ी में आज निकलेगी भागवत कथा की शोभायात्रा

**नवभारत,बेलखाड़ू।** समीपी ग्राम पौड़ी (नगना) में 17 फरवरी से सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ होगा। ग्राम के घनश्याम महेरे, मदन गोपाल, राम बिहारी महेरे ने बताया कि दोपहर में विशाल कलश शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ आचार्य रमेश मिश्रा गूंजोंरा गढ़ाकोटा के सानिध्य में सभी ग्राम वासियों की उपस्थिति निकाली जाएगी।

# संकुल प्राचार्य ने 7 स्कूलों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**नवभारत, सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई अग्रवाल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खितौला के संकुल प्राचार्य ने क्षेत्र के सात स्कूलों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। बार-बार निर्देशों के बावजूद 'फेल अकाउंट' अपडेट न करने पर इन स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### प्रमुख बिंदु और घटनाक्रम

लापरवाही का मामला: संकुल केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संबंधित स्कूलों को 'फेल अकाउंट' अपडेट करने के लिए फोन और अन्य माध्यमों से लगातार निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद आज दिनांक तक एक भी अकाउंट अपडेट नहीं किया गया। अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी: नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह कार्य में घोर लापरवाही और उदासीनता का प्रतीक है। यदि 2 दिनों के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो स्कूलों की मान्यता समाप्त करने का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा।

### इन स्कूलों को मिला नोटिस

शासकीय मिडिल स्कूल, कुशियारी,शासकीय प्राथमिक स्कूल कुशियारी, सेंट चाइना एकेडमी, सिहोरा सेंट चाइना एकेडमी, अमगंवा सरस्वती ज्ञान मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर, सिहोरा प्राइवेट एच.एस.एस. के.के. एच.एस. .फनवानी

### दो दिन की समय सीमा

संकुल प्राचार्य ने निर्देशित किया है कि सभी संस्था प्रमुख 2 दिवस के भीतर संकुल कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

### उच्चाधिकारियों को दी गई सूचना

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नोटिस की प्रतिलिपि विकासखंड शिक्षा अधिकारी (क्ष्वह) सिहोरा और जिला शिक्षा अधिकारी (छ्श्वह) जबलपुर को भी सादर सूचनार्थ प्रेषित कर दी गई है, ताकि आगामी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# सिहोरा में भोले बाबा की निकली भव्य बारात

**नवभारत, सिहोरा ।** देवो के देव महादेव एंव माता पार्वती के शुभ विवाह का दिन महाशिवरात्रि पर जहां बाबाताल में स्थापित भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने भक्तों की भीड़ लगी रही वहीं नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही सभी भक्तों ने पहुचकर पूजन अभिषेक किया वहीं उपवास रखकर घरो में भी भोलेनाथ की पूजा की।इसी तरह बाबाताल से शंकर जी की भव्य बारात एंव ध्वज यात्रा निकली तो वहीं झंकार दुर्गोत्सव समिति द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन भी किया गया।

### भोलेनाथ की बारात में दिखी सनातनी एकता

शिवमंदिर बाबाताल से महादेव की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई जो पुराना बस स्टेंड,गौरीतिराहा, झंडा बजार, कालभैरव चौक,मैना कुआं, हरदौल मंदिर से होकर निकली।बारात में शंकर पार्वती की झांकी के आगे सैकडों शिवभक्त डी जे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे।

उनके पीछे सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ कुर्रो पिपरिया के संत सीताराम शरण जू महाराज जी रथ पर चल रहे थे।बारात के वापस बाबाताल पहुचने पर वरमाला की रस्म पूरी गई जिसमे माता पार्वती ने शंकर जी को एंव शंकर जी ने माता पार्वती को वरमाला पहनाकर विवाह किया। पूरी बारात में सनातनियों की एकता ने अपनी अलग ही छाप छोड़ी।

### जगह जगह बारात का स्वागत

भोलेनाथ की बारात का जहां नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया नगर पालिका मार्ग में महामाया समिति ने खीर पुडी सब्जी पुराना बस स्टैंड में एंव धर्मेन्द्र टी स्टाल द्वारा चाय का वितरण इसी तरह जय बोला भंडारी समिति ने स्वर्गीय अनिल सराफ के स्मृति में नंदनी सराफ द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।सफल बनाने में अमित सोनी,ओम सोनी,रामू सोनी,आनंद प्रकाश जैन आदि का योगदान रहा के साथ अनेक स्थानो पर दोफहर से ही भंडारे प्रारम्भ हो गये थे जो देर शाम तक चलते रहे।बाबाताल में सभी बरातियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। बारात में सैकड़ों महिला पुरुष बच्चों ने शामिल होकर इसे यादगार एंव ऐतिहासिक बना दिया।

# डीजे कर्मियों पर चाकू से हमला कर किया घायल

▶ कंजड़ मोहल्ला में पार्षद कार्यालय के पास वारदात

**नवभारत, जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत कंजड़ मोहल्ला में देर रात रंगदारी न देने पर तीन बदमाशों ने दो डीजे कर्मियों पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तिगरा खमरिया निवासी आलोक सिंह (21) एमके डीजे में काम करता है, रविवार रात करीब 1:30 बजे अपने साथी अमित गोटिया के साथ नर्मदा मैदान कंजड़ मोहल्ला में डीजे लगाने गया था। काम के दौरान जब वे गोलू जाट पार्षद के ऑफिस के पास बाथरूम करने रुके, तभी वहां शिवराज जाट, युवराज जाट और देवा जाट आ धमके। आरोपियों ने आलोक और अमित को रोककर शराब पीने के लिए 1000 रुपये की मांग की। जब युवकों ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आए और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी युवराज जाट ने चाकू निकालकर आलोक के दाहिने पैर की जांघ पर हमला कर दिया। जब साथी अमित बीच-बचाव करने आया, तो आरोपियों ने उसे भी पीटा और युवराज ने अमित की जांघ पर भी चाकू से वार कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद वे अपने घर चले गए। पुलिस ने आरोपी शिवराज जाट, युवराज जाट और देवा जाट के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## दस माह में 7230 वैगनों की मरम्मत हुई

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में चालू वित्तीय वर्ष में कोचों वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दस माह में सीआरडब्लूएस भोपाल एवं डब्लूआरएस कोटा दोनों कारखानों में कुल 7230 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1041 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 6189 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। अकेले जनवरी माह की बात करे तो सीआरडब्लूएस भोपाल एवं डब्लूआरएस कोटा दोनों कारखानों में कुल 745 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 125 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 620 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। गतवर्ष की तुलना में कोचों में 34 प्रतिशत एवं वैगनों में 03 प्रतिशत अधिक मरम्मत की गई।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा वार्षिक उत्सव, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

▶ सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ा फाटक में सृजनोस्तव की धूम



**नवभारत, जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक का वार्षिक उत्सव 'सृजनोंस्तव' हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, नृत्य-नाटिका एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की मनोहारी झलक प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र कुडरिया, कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में विद्यालयों को संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना की आधारशिला बताया तथा विद्यार्थियों को उच्च आदर्श अपनाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे (उत्तर मध्य विधानसभा) ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियाँ साझा करते हुए विद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। डॉ. सुधीर अग्रवाल ने विद्या भारती की संकल्पना एवं उसके पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट जिनेंद्र कुमार जैन ने की। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष एड. सचिन अग्रवाल, सचिव डॉ. निलेश पांडे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को डॉ. वी.के. चौधरी स्वर्ण पदक डॉ. अनुपम चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य शुभांगी नायक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों से अवगत कराया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मायूसी | किसानों में उबाल, एक हफ्ते की चेतावनी के बाद सियासी चुप्पी

# क्या हुआ तेरा वादा के नारों से गूंज रही मझौली



**मझौली/नवभारत।** 'लापता विधायक जी... लापता विधायक जी...'— यही नारा इन दिनों किसानों और आंदोलनकारियों के बीच मझौली में गूंज रहा है।

मामला उस एक सप्ताह की चेतावनी से जुड़ा है, जो क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई द्वारा प्रशासन को दी गई थी। समय सीमा पूरी हो चुकी है, लेकिन न तो समाधान सामने आया और न ही विधायक धरना स्थल पर नजर आए। नतीजतन, किसानों के सब्र का बांध टूटता दिख रहा है। आंदोलनकारियों का सवाल सीधा है जिस चेतावनी की बात हुई थी, उसका क्या हुआ?

क्या प्रशासन को दिया गया अल्टीमेटम सिर्फ बयानबाज़ी था? मझौली के किसानों का कहना है कि अगर वाकई जनहित का इरादा होता, तो समय पूरा होते ही जनप्रतिनिधि सड़क पर होते। सोशल मीडिया और जनसभाओं में अब तीखे सवाल उठ रहे हैं।

### आश्वासन नहीं, कार्यवाही चाहिए

इस पूरे घटनाक्रम ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संगठन और स्थानीय नेतृत्व तक सवाल पहुंच रहे हैं। किसान संगठनों ने साफ कहा है कि अब केवल आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि चुप रहे, तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। फिलहाल, एक हफ्ते की समय-सीमा खत्म—पर जवाब नदारद। जनता पूछ रही है कि विधायक जी सच में लापता हैं, या जवाब देने से बच रहे हैं? पूरा मामला मझौली के किसानों को धान के भुगतान से जुड़ा है जिसको लेकर श्रीजी वेयर हाउस मझौली में धान की खरीदी में भ्रष्टाचार किया गया है।

# मिट्टी की उर्वरता के अनुसार संतुलित उर्वरक का करें उपयोग

▶ भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक ने किया कृषि विवि का भ्रमण, दिए सुझाव



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा में विश्वविद्यालय अनुसंधान और विस्तार कार्य लगातार प्रगति कर रहे हैं। इसी कड़ी में डॉ. संजय श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक एवं परियोजना समन्वयक, आईसीएआर, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। उनके साथ डॉ. प्रमोद झा, प्रधान वैज्ञानिक, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मृदा परीक्षण लैब, फील्ड प्रयोग, लक्षित उपज निर्धारण, उर्वरक अनुशंसा और एफएलडी प्रदर्शन का अवलोकन किया। डॉ. संजय ने तकनीक को किसानों तक पहुँचाने और मिट्टी की उर्वरता अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. प्रमोद झा ने कार्बन प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य सुधार पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. बी. के. दीक्षित ने कहा कि 5 टन गोबर खाद प्रति हेक्टेयर मृदा संरचना सुधारने में मदद करता है। डॉ. जी. एस. टैगोर ने परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य, प्रयोगात्मक परिणाम और किसानों को दी जा रही अनुशंसाओं का विवरण प्रस्तुत किया। मृदा परीक्षण फसल प्रतिक्रिया तकनीक से किसान पहले से तय कर सकते हैं कि कितनी उपज चाहिए और उसी अनुसार उर्वरक मात्रा निर्धारित की जा सकती है। जनेकृविवि जबलपुर के इस परियोजना अंतर्गत अब तक 23 से अधिक फसलों के लिए संतुलित उर्वरक समीकरण तैयार किए जा चुके हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश साहू, डॉ. बी. एस. द्विवेदी, श्री धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, डॉ. शैलू यादव और अनुसंधानरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।